आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 02.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- माणा गांव के पास हुए हिमस्खलन के तीसरे दिन आज लापता चारों श्रमिकों के शव बरामद, हादसे में 8 लोगों की मृत्यु, 46 श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज हरिद्वार में उच्च शिक्षा व विद्यालयी शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली।
- गृह मंत्री अमित शाह ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया।
- होली के मद्देनजर प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त अभियान जारी।

**माणा रेस्क्यू**

चमोली जिले में माणा गांव के पास हुए हिमस्खलन के तीसरे दिन आज राहत और बचाव दल ने लापता चारों श्रमिकों के शव बरामद किए। इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब 8 हो गई है। हिमस्खलन की चपेट में आए 46 श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचकर अधिकारियों से राहत व बचाव अभियान की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। जिला प्रशासन और बचाव टीम के अनुसार एक लापता श्रमिक हादसे से पहले ही घर जा चुका था और उनके परिवार ने पुष्टि भी की है कि वह घर पर सुरक्षित है। गौरतलब है कि हिमस्खलन की घटना में प्रभावित श्रमिकों की संख्या 54 है, जो पहले 55 बताई गई थी।

**शिक्षा मंत्री**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज डामकोठी, हरिद्वार में उच्च शिक्षा व विद्यालयी शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन और विभिन्न शैक्षिक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. रावत ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को उच्च व विद्यालयी शिक्षा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, उच्च शिक्षा के तहत दो मॉडल महाविद्यालयों, टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर और विद्यालयी शिक्षा के तहत समग्र शिक्षा के बजट में वृद्धि का अनुरोध किया गया। जिस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने स्वीकृति प्रदान की। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की प्रशंसा की।

**विकसित भारत प्रद्शनी**

रूड़की के नेहरू स्टेडियम ग्राउंड में आगामी 04 से 06 मार्च तक विकसित भारत–विकसित उत्तराखण्ड विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। रुड़की में आज पत्रकारों से बातचीत में भाजपा राष्ट्रीय सह–कोषाध्यक्ष व सांसद डॉ. नरेश बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रदर्शनी एक मेगा इवेंट है, जो अमृतकाल की थीम पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को इस सदी के तीसरे दशक का प्रदेश बताया था। इसी दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संकल्प उत्तराखंड को देश का अग्रणी और विकसित राज्य बनाने का है।

**गृह मंत्री**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पूरे देश से बारह अलग–अलग मामलों में 29 मादक पदार्थ तस्करों को अदालत ने दोषी ठहराया है। सोशल मीडिया पर आज एक पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार मादक पदार्थ तस्करों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। ये तस्कर युवाओं को नशे की गिरफ्त में लाकर उनका जीवन नष्ट कर देते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जाँच–पड़ताल के साथ ही, नशीले पदार्थों के खतरे से लड़ना जारी रखेगी।

**मिलावटखोरी अभियान**

होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। खासतौर पर दूध, मावा, पनीर और खोया जैसे उत्पादों की जांच की जा रही है। देहरादून, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर जैसे संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि मिलावटखोरी रोकने का अभियान जारी है और इसके लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**स्मार्ट मीटर पौड़ी**

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में स्मार्ट मीटर लगाएं जा रहे हैं। इसी कड़ी में पौड़ी में जिलाधिकारी के आवास पर स्मार्ट मीटर लगाया गया। अब जिले के सभी सरकारी कार्यालय और आवासों में स्मार्ट मीटर लगाये जाएंगे। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता बढ़ाना, बिजली बिलों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा प्रदान करना है।
वहीं, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता संजय कुमार ने बताया कि शुरुआत में ये स्मार्ट मीटर सरकारी आवास और कार्यालय भवनों में लगाये जा रहे हैं।